# कार्यालय,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
एवं
# जिला परियोजना कार्यालय
## जनपद–बलरामपुर।

दूरभाष :–05262 – 234360, 9453004133,
*e-mail : mis.balrampur@gmail.com*


समग्र शिक्षा

पत्रांकः बे0शि0 / स्वतन्त्रता दिवस / 3005-09 / 2024–25 दिनांकः। 12 अगस्त 2024

## कार्यालय आदेश

जिलाधिकारी, महोदय, बलरामपुर के पत्र सं0: 113 / ना0 स0(स्वतंत्रता दिवस–24 / 2024–25 दिनांकः 12 अगस्त 2024 द्वारा हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाने वाला 78वाँ स्वाधीनता दिवस समारोह परम्परागत रूप से सादगी के साथ परन्तु आकर्षक ढंग से स्वतन्त्रता दिवस–2024 मनाये जाने जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 78वॉ स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त 2024) 2024 को धूम–धाम से निम्न कार्यक्रमानुसार मनाया जायेगा–

| क्र0सं0 | समय | कार्यक्रम विवरण | आयोजक कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 1 | 14 व 15 अगस्त 2024 सायंकाल / रात्रि | **लाईटिंग**– सरकारी भवनों पर लाईटिंग कराना | समस्त कार्यालयाध्यक्ष |
| 2 | प्रातः 6:30 बजे, | **प्रभात फेरी,** स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूकता संवर्धन हेतु समस्त शिक्षण संस्थाओं के बच्चों द्वारा नगर भ्रमण | खण्ड शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर नगर एवं देहात |
| 3 | प्रातः 8:00 बजे, | **ध्वजारोहण**– समस्त कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज में गुलाब की पंखुडियां बांधकर फहराया जायेगा तथा राष्ट्रीय ध्वज अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा। तत्पश्चात माननीय शिक्षा मन्त्री (बेसिक) तथा शिक्षा निदेशक (बेसिक) के सन्देश को पढ़ कर सुनाया जाए। | खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–बलरामपुर। |
| 4 | प्रातः 9:00 बजे, | **शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण**– समस्त विद्यलायों में राष्ट्रीय ध्वज में गुलाब की पंखुडियां बांधकर फहराया जायेगा तथा राष्ट्रीय ध्वज अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा। तत्पश्चात माननीय शिक्षा मन्त्री (बेसिक) तथा शिक्षा निदेशक (बेसिक) के सन्देश को पढ़ कर सुनाया जाए। इसके अतिरिक्त नाटक, विचार गोष्ठी, वाद–विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, **"काकोरी ट्रेन एक्शन, 1924** विषयक निबन्ध लेखन आदि प्रतियोगिता करायी जाए। | समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्र0अ0 / इं0प्र0अ0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | प्रातः 10:00 बजे, | **जागरूकता झांकी**– हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाने वाली **जागरूकता झांकी।** | खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय, नगर, बलरामपुर देहात एवं जिला समन्वयक प्रशिक्षण तथा एम0आई0एस0– बलरामपुर। |

साथ ही परियोजना से प्राप्त विभिन्न शिक्षण सामग्रियों, टी.एल.एम., लाइब्रेरी की पुस्तकें, बिग बुक गणित किट, विज्ञान किट व प्रिंटरिच सामग्रियों की प्रदर्शनी प्रत्येक विद्यालय में लगाई जाएगी एवं इस पावन पर्व पर सभी अभिभावकों को प्रदर्शनी देखने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही पूर्व से अब तक विद्यालयों में हुए, परिवर्तन के बारे में वहां के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा एक बुकलेट तैयार करते हुए सभी अभिभावकों एवं गणमान्य सदस्यों के समक्ष इसका प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं वीर शहीदी के जीवन पर छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर समस्त बच्चों व उपस्थित जनसमुदाय के मध्य मिष्ठान वितरण किया जाएगा।

**(शुभम शुक्ला)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।

पृ0सं0:बे0शि0/एस0एस0ए0/स्व0दि0/निर्देश/ 3005-09 /2024–25 दिनांकित.

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, महोदय, बलरामपुर को सूचनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, बलरामपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त नामित अधिकारी /कर्मचारियों को इस निर्देश के साथ कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम समयान्तर्गत सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।
4. समस्त वार्डेन, क0गा0बा0वि0– बलरामपुर को अनुपालनार्थ।
5. समस्त प्रधानाध्यापक/ इं0प्र0अ0– बेसिक शिक्षा परिषद, बलरामपुर।
6. समस्त कार्यालय कर्मचारी को अनुपालनार्थ।
7. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।

0